हरिभूमि
छिंदवाड़ा भूमि
7
जबलपुर, मंगलवार 13 जनवरी 2026
login : www.haribhoomi.com
[ पांढुर्णा | सौंसर | चौरई | बिछुआ | परासिया | जुन्नारदेव | अमरवाड़ा | हर्रई ]

**खबर संक्षेप**

## बरारिया में लगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 150 ग्रामीणों ने कराया इलाज



**परासिया** :- कार्तिक उरांव हॉस्पिटल परासिया के चिकित्सा स्टाफ ने बरारिया में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। जिसमें 150 से अधिक ग्रामीणों ने अपनी बीमारियों का इलाज कराया और गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीजों को आयुष्मान कार्ड से लाभ लेने के लिए अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी।चिकित्सक अक्षय द्विवेदी ने मरीज का इलाज कर उन्हें दवाइयां वितरित की। ग्राम पंचायत बरारिया के सरपंच मोहन कहार ने निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाने के लिए चिकित्सा स्टाफ को धन्यवाद देते हुए कहा है, कि इस निशुल्क शिविर के माध्यम ग्रामीणों की सामान्य बीमारी एवं गंभीर बीमारी के इलाज के लिए अब स्थानीय स्तर पर आयुष्मान कार्ड के माध्यम से उनका इलाज किया जा सकेगा। सरपंच मोहन कहार ने कार्तिक उरांव हॉस्पिटल के प्रबंधन को ग्राम में स्वास्थ्य शिविर लगाने के लिए आग्रह किया था। इसी के फलस्वरूप यह शिविर का आयोजन किया गया था। गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीजों को सलाह दी गई। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से अपना इलाज करवा सकते हैं। ग्राम बरारिया में पहली बार ऐसे निशुल्क शिविर का आयोजन होने के कारण लोग बड़ी संख्या में पंचायत कार्यालय बरारिया में पहुंचकर निशुल्क जांच कराया। इस शिविर कार्तिक उरांव हॉस्पिटल की डॉक्टर अक्षय द्विवेदी, एडमिन विवेक शर्मा, डायरेक्टर धीरज पंद्राम, स्वास्थ्य कर्मी रेणुका साहू, चांदनी पाल ने ग्रामीणों को निशुल्क सेवाएं दीं। इस शिविर में सचिव ढुबेलाल बारसिया, रोजगार सहायक कैलाश उइके, ग्राम प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष हंसलाल कहार, ग्राम संगठन कोषाध्यक्ष सविता कहार, अजय डेहरिया व अन्य ग्रामीणों का योगदान रहा।

### जिला स्तरीय कार्यक्रम में 700 से अधिक विद्यार्थियों ने एक साथ किया सूर्य नमस्कार

# युवा दिवस पर जिले भर में सामूहिक सूर्य नमस्कार का हुआ आयोजन





**हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा**

स्वामी विवेकानंद के जन्मदिवस पर 12 जनवरी को जिलेभर में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन पीएम एमएलबी स्कूल प्रांगण में किया गया। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में कलेक्टर हरेंद्र नारायन, नगरपालिक निगम छिंदवाड़ा के महापौर विक्रम अहके, शेषराव यादव, विजय पांडे सहित अन्य जनप्रतिनिधि, डीईओ जी.एस.बघेल, उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार, डीपीसी जे.के. ईड़पाचे, सहायक संचालक डी.पी. डेहरिया, पी.एल. मेश्राम, प्राचार्य श्रीमती अलका श्रीवास्तव, दिलीप ढोके, जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रताप सिंह इवनाती, खेल अधिकारी के.के.चौरसिया, जिला योग आयोग, पतंजलि योग समिति सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों, स्थानीय विद्यालयों के विद्यार्थी, स्टाफ, पत्रकारगण व गणमान्य नागरिक विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान मुख्यालय के विभिन्न स्कूलों के 700 से अधिक विद्यार्थियों ने एक साथ सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन, सरस्वती पूजन व स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि से किया गया। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी सदस्य सहित खेल, रेडक्रॉस, एनसीसी, स्काउट गाइड व स्थानीय विद्यालयों के 700 से अधिक विद्यार्थियों ने सहभागिता की। आकाशवाणी द्वारा किए गए कार्यक्रम के सीधे प्रसारण के दौरान राष्ट्रगीत वंदे मातरम्, स्वामी विवेकानंदजी की वाणी, प्रदेश के मुख्यमंत्रीजी के संदेश के बाद सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम संचालित किया गया।

इस दौरान उपस्थित सभी अतिथियों व प्रतिभागियों ने एक साथ एक संकेत पर विभिन्न आसनों व प्राणायाम में भाग लिया। सूर्य नमस्कार गतिविधियों का संचालन जिला योग आयोग के अध्यक्ष चंद्रकांत भुसारे, जिला योग प्रभारी सु संगीता बेंडे, सु ममता पटले, सुरेश पवार सहित उपस्थित सभी सदस्यों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में स्वागत भाषण व प्रतिवेदन वाचन जिला शिक्षा अधिकारी बघेल द्वारा प्रस्तुत किया गया। कलेक्टर नारायन, नगरपालिक निगम छिंदवाड़ा महापौर अहके, शेषराव यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वामी विवेकानंद जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला और उन्हें सदैव लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में प्रयास करने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन एमएलबी क्रीड़ा प्रभारी राकेश चौरसिया तथा आभार प्रदर्शन सहायक संचालक शिक्षा पी.एल.मेश्राम द्वारा किया गया। जिला स्तरीय इस कार्यक्रम में सु आशा माहुले, आनंद गिरिपुंजे, योगेश्वर चौरिया, महेश डोंगरे, बी.आर. डिगरसे सहित सभी खेल शिक्षकों एवं एमएलबी स्कूल के स्टाफ ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय बैठक



**पांढुर्णा।** आगामी गणतंत्र दिवस समारोह को गरिमापूर्ण रूप से मनाए जाने के संबंध में कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय जिला पांढुर्णा के सभाकक्ष में सोमवार को सुबह 11 बजे बैठक संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ, पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कनेश, अतिरिक्त कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री,एसडीएम अलका एक्का, संयुक्त कलेक्टर नेहा सोनी, डिप्टी कलेक्टर प्रेक्षा पाठक, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजकुमार इवनाती, तहसीलदार विनय प्रकाश ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के ब्लॉक लेवल अधिकारी उपस्थित रहे।इस दौरान कलेक्टर वशिष्ठ द्वारा अधिकारियों से पिछले वर्ष मनाए गए गणतंत्र दिवस समारोह के संबंध में चर्चा करते हुए इस वर्ष आयोजित किए जाने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के संबंध में जानकारी एकत्रित की गई। कलेक्टर वशिष्ठ द्वारा समारोह की रूपरेखा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की समय-सीमा, समय-सारिणी एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।बैठक में जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन के लिए नगर स्थित एमपीएल ग्राउंड को चयनित किया गया। साथ ही व्यवस्था के अंतर्गत उपहार, स्वल्पाहार, पंडाल, जल व्यवस्था, सड़क व्यवस्था, पत्रकारों, छात्र-छात्राओं, महिलाओं, अतिथियों, अधिकारियों एवं नगर के गणमान्य नागरिकों की बैठक व्यवस्था पर चर्चा की गई। इसके अलावा कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को आमंत्रित कर उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने की व्यवस्था पर भी विचार-विमर्श किया गया।अंत में कलेक्टर वशिष्ठ द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित करने के निर्देश दिए गए।

## कैरियर गाइडेंस सेमिनार में छात्रों ने लिए अद्यतन कम्प्यूटिंग के सबक



**पांढुर्णा।** पीएमसीओई (**PMCOE**) शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में आज 12 जनवरी को प्राचार्या डॉ.शहनाज खान के मार्गदर्शन और कम्प्यूटर विभाग की पूजाश्री बावनकर के कुशल संयोजन में एक दिवसीय 'कैरियर गाइडेंस सेमिनार' का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर कंप्यूटर विभाग के अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार धुर्वे एवं कॉमर्स विभाग से डॉ. राहुल यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में प्रो-टेकी (**ProTechie**) कंपनी की ओर से लीड ट्रेनर प्रफुल्ल पवार ने छात्रों को फुल स्टैक वेब डेवलपमेंट, डेटा एनालिस्ट और एआई टूल्स जैसी आधुनिक तकनीकी कौशलों की जानकारी देते हुए उद्योग की जरूरतों के अनुसार खुद को तैयार करने के टिप्स दिए। आयोजक पूजाश्री बावनकर ने बताया कि इस सेमिनार का मुख्य उद्देश्य स्थानीय छात्रों को वैश्विक स्तर के करियर अवसर प्रदान करना और उनका आत्मविश्वास बढ़ाना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कंप्यूटर विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## सांसद द्वारा मकर संक्रांति के अवसर पर कल किया जाएगा सांसद पतंग महोत्सव का आयोजन

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू के द्वारा प्रतिवर्षानुसान इस वर्ष भी मकर संक्रांति के अवसर पर 14 जनवरी को पोला ग्राउंड छिंदवाड़ा में सांसद पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया है। उल्लेखनीय है कि सांसद श्री साहू द्वारा पारंपरिक खेलो को अधिक महत्व दिया जा रहा है, जिसके तहत हाल ही में संपन्न हुए सांसद खेल महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में पारंपरिक खेलों को शामिल किया जाकर हजारों खिलाड़ियों को पारंपरिक खेलों में खेलने का अवसर प्रदान किया गया। जिसमें ग्रामीण सहित शहरी खिलाड़ियों ने भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। सांसद श्री साहू द्वारा पिछले वर्ष भी मकर संक्रांति के अवसर पर सांसद पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया था, जिसमें बडी संख्या में पतंग प्रेमी प्रतिभागियों ने पतंगबाजी का लुफ्त उठाया था। भाजपा युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष बिट्टू मंडराह ने बताया कि मकर संक्रांति के अवसर पर सांसद बंटी विवेक साहू के द्वारा पोला ग्राउंड छिन्दवाड़ा में दोपहर 12:30 बजे से आयोजित हो रहे इस सांसद पतंग महोत्सव में पतंग प्रेमियों के लिए पोला ग्राउंड छिंदवाड़ा में पतंग और धागे की व्यवस्था की जाएंगी।

## 19 वाहनों से वसूले 71,200 रूपये

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा**

परिवहन आयुक्त ग्वालियर एवं कलेक्टर हरेंद्र नारायन द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के विशेष जांच दल द्वारा झिरपा-चांवलपानी मार्ग पर बड़ी अनहोनी मेले (गरमकुंड) में संचालित हो रहे छोटे-बड़े यात्री वाहनों, मालवाहनों, निजी वाहनों के दस्तावेज (परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र) ओवरलोडिंग, लायसेंस अन्य दस्तावेजों की जांच की गई। अतिरिक्त



क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी छिन्दवाड़ा अनुराग शुक्ला ने बताया कि जांच के दौरान मोटरयान अधिनियम के तहत कमियां पाये जाने पर 09 वाहनों से 35,500 रूपये एवं अन्य कार्यवाही में 10 वाहनों पर 35,700 रूपये की चालानी कार्यवाही कर कुल 19 वाहनों से 71,200 का राजस्व प्राप्त किया गया। आगामी दिनों में भी मेले मार्ग पर चैकिंग कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। साथ ही समस्त प्रकार के वाहन चालकों /संचालकों को समझाईश दी गई कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

## मेडिकल कॉलेज की ओर से अधिकारी की उपस्थिति से कलेक्टर नाराज

### कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा**

कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार, अपर कलेक्टर धीरेन्द्र सिंह सहित जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य संस्थाओं में रात्रिकालीन सेवाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि आम नागरिकों को आपातकालीन स्थिति में तत्काल उपचार मिलना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि किसी अस्पताल में रात्रि के समय कोई मरीज पहुंचता है और संबंधित डॉक्टर ऑन-कॉल ड्यूटी पर है, तो उसे बिना किसी विलंब के तत्काल अस्पताल पहुंचना अनिवार्य होगा। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि ऑन-कॉल ड्यूटी के दौरान फोन रिसीव न करना या अस्पताल नहीं पहुंचना गंभीर अनुशासनहीनता मानी जाएगी।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि ऑन-कॉल डॉक्टरों की ड्यूटी रोस्टर के अनुसार नियमित मॉनिटरिंग करें तथा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई प्रस्तावित करें। बैठक में मेडिकल कॉलेज की ओर से अधिकारी के उपस्थित न रहने पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। उन्होंने इसे प्रशासनिक कार्यों के प्रति उदासीनता बताते हुए संबंधित अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

## स्वच्छ जलप्रदाय व्यवस्था के तहत विभिन्न वार्डों की टंकियों की सफाई जारी

**छिंदवाड़ा।** शहर में नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा जलप्रदाय व्यवस्था के अंतर्गत टंकियों की नियमित सफाई का कार्य लगातार किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित वार्ड क्रमांक 2 एवं कराबोह स्थित वार्ड क्रमांक 1 की जल टंकियों की सफाई का कार्य नियमों एवं निर्धारित मानकों के अनुसार कराया गया। नगर निगम के अनुसार, बीते कुछ दिनों में सोनपुर स्थित ओवरहेड टैंक, 11.5 एमएलडी जलप्रदाय प्लांट के सम्प टैंक, गणेश कॉलोनी स्थित टैंक, सुकलूढाना में स्थित दो टैंक, जलतरंग कॉलोनी की टंकी, खजरी ओवरहेड टैंक तथा वार्ड क्रमांक 4 में स्थित बीटीआई की ओवरहेड टैंक की सफाई का कार्य भी निगम द्वारा पूर्व में कराया जा चुका है।

## नगर निगम ने गोलगंज, बुधवारी बाजार से हटाया अतिक्रमण



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा**

नगर निगम आयुक्त सी. पी. राय के आदेशानुसार शहर में अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में पूर्व में स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने हेतु अनाउंसमेंट कराई गई थी। इसके पश्चात नगर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा गोलगंज बुधवारी बाजार से अतिक्रमण हटाकर क्षेत्र को अतिक्रमण-मुक्त कराया गया। अभियान के अंतर्गत फव्वारा चौक से गोलगंज होते हुए पहाड़े मेडिकल मोड़, मार्केट तथा विद्या निकेतन स्कूल परिसर तक अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा पैदल मार्च किया गया। इस दौरान दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे अपनी दुकानों के सामने सामान रखकर पुनः अतिक्रमण न करें। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन पर सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम



**पांढुर्णा।** स्वामी विवेकेकानंद के जन्म दिन राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर सांदीपनि विद्यालय पांढुरना में जिला स्तरीय सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का कार्यक्रम हुआ। यह समारोह कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता तथा जिला पुलिस अधिक्षक सुंदर सिंह कनेश की उपस्थिति में आयोजित किया गया।इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष संदीप घाटोडे के आतिथ्य में भोपाल से लाईव प्रसारण में स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र, सूर्य नमस्कार एवं युवा दिवस पर माननीय मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश द्वारा संदेश एवं सूर्य नमस्कार की 12 स्थितियां जिसके तीन चक्र एवं अनुलोम-विलोम, भस्त्रिका, भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास लाभ सहित एक साथ एक तर्ज पर लाईव प्रसारण अनुसार अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में अलका एक्का एस.डी.एम., प्रेक्षा पाठक डिप्टी कलेक्टर, ब्रिजेश भार्गव एस.डी.ओ.पी., नोडल अधिकारी आर के ईवनाती सहायक नोडल अधिकारी एच.बी. हांडे, विनयप्रकाश ठाकुर तहसीलदार, अनिता सिवडे, अनिता सराठे, यादवराव डोबले, बंटी छागांणी, महेन्द्र घोडे, सोनु सकरवार, प्रदीप कामदार पार्षद, चन्द्रशेखर बरेठ प्राचार्य सांदीपनि विद्यालय पांढुरना, मोरेश्वर ब्रम्हे बी.आर.सी, खेल प्रभारी खेल सिंह मरकाम एवं सांदीपनि विद्यालय का समस्त स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं नगर पालिका पांढुरना का समस्त स्टाफ उपस्थित था। कार्यक्रम का संचालन नारायण कालभुत योग शिक्षक द्वारा किया गया अंत में चन्द्रशेखर बरेठ प्राचार्य सांदीपनि विद्यालय पांढुरना द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया।

## नेशनल बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में हनी सिंह परिहार ने बढ़ाया क्षेत्र का गौरव




**परासिया** :- नागपुर में आयोजित नेशनल बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में हनी सिंह परिहार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो अलग - अलग वर्गों में पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता के डेनिम फिजीक वर्ग में देशभर से आए 80 प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद हनी सिंह परिहार ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक अपने नाम किया। वहीं मेंस फिजीक सीनियर चैंपियनशिप में 118 खिलाड़ियों के बीच उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उन्होंने तृतीय स्थान हासिल कर कांस्य पदक जीता। उनकी इस उपलब्धि पर खेल प्रेमियों, परिवारजनों एवं क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर है। हनी सिंह परिहार की यह सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा दायक है और यह सिद्ध करती है, कि कठोर परिश्रम, अनुशासन और समर्पण से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई जा सकती है।

## डॉक्टर काउंट सीजर मेटी का मनाया 217 वां जन्मदिन

**परासिया** :- 11 जनवरी रविवार को इलेक्ट्रो होम्योपैथी के जनक डॉक्टर काउंट सीजर मेटी का जन्मदिन बड़े धूमधाम से मनाया गया। परासिया के जैनसंस होटल हाल में आयोजित इस कार्यक्रम में छिंदवाड़ा जिले के लगभग 150 डॉक्टर शामिल हुए। सर्वप्रथम मेटी की फोटो पर माल्यार्पण किया गया। उसके पश्चात केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूनिक कॉलेज के डायरेक्टर डॉक्टर अनिल सदाफल और विशिष्ट अतिथि डॉ योगेश विश्वकर्मा एवं नागपुर से पधारी कॉस्मेटोलॉजिस्ट डॉक्टर शिफा जागीरदार थे।

### कुख्यात रेत चोर के ईशारे पर कार्रवाई होने की चर्चा, हरिभूमि ने प्रकाशित की थी खबर

# बांगई के जंगल में रेत भरते वन विभाग ने पकड़ा ट्रैक्टर, गोंदरा, धाड़ नदी पर कब होगी कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया**

तामिया रेंज की कुआंबादला सर्कल में बहने वाली नदियों से वन अधिनियम के विपरीत रेत का अवैध उत्खनन कई महीनों से मैदानी कर्मचारियों की मिली भगत से होता चला रहा है। जिनमें सर्वाधिक बांगई, कुर्सीढाना, फांसीढाना सहित सभी नदी नालों से रेत कर अवैध उत्खनन लगातार हो रहा है।

जिसका समाचार हरिभूमि सा चित्र प्रकाशित करता चला आ रहा है, लेकिन नाकेदार डिप्टी रेंजर रेत चौरो के हितैषी बने हुए हैं कि रेत चोरी पर अंकुश लगाने तैयार नहीं है, बल्कि रेत चोरों के इशारे पर नापसंद ट्रैक्टर वालों पर वन अधिनियम के तहत रेत पड़कर कार्रवाई करते हैं। इसका प्रत्यक्ष





फांसीढाना जंगल में दो किलोमीटर के भीतर गोंदरा नदी से हो रहा है रेत का उत्खनन
हरिभूमि छिंदवाड़ा
दोनों वन विभाग के कर्मचारियों पर लग
तामिया रेंज एवं बफर जोन के बीच बहने वाली धाड़ नदी में

उदाहरण बीती रात देखने मिला कि रेंजर द्वारा सोशल मीडिया पर बांगई बीट के कक्ष क्रमांक 227 में जंगल से रेत भरते ट्रैक्टर पकड़कर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई कर कुआंबादला वन चौकी में खड़ा किया। इस कार्रवाई को विभाग द्वारा बड़ी उपलब्धि बतलाई गई, लेकिन इसी सर्कल के नवरी टोला की धाड़ नदी एवं फांसी ढाना के मुनारा क्रमांक 771 के पास गोदरा नदी में दर्जनों ट्रैक्टर रेत का अवैध उत्खनन हर रात कर रहे हैं, जिनके टायर के निशान देखे जा सकते हैं। उन पर कब कार्रवाई होगी। रेत चोरों का आरोप है कि बीती रात जो ट्रैक्टर पकड़ा गया। वह स्थानीय रेत चोर के ईशारे पकड़ा गया क्योंकि क्षेत्रीय रेत चोरों को वन कर्मचारियों का संरक्षण प्राप्त है और उन्हीं के इशारे पर नापसंद लोगों के ट्रैक्टर अब तक इस क्षेत्र में पकड़े गए हैं। ऐसी चर्चा रेत चोरों में व्याप्त है। इसी तरह की कार्यवाही नवरी टोला की धाड़ नदी एवं फांसीढाना में क्या देखने सुनने मिलेगी यह तो कार्रवाई होने और नहीं होने पर ही पता चल सकेगा।

## पूर्व राज्य मंत्री मोहोड़ ने की बच्चों को साइकिल वितरित

# योग मंत्र के साथ हजारों बच्चों ने किया सूर्य नमस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

सोमवार को स्वामी विवेकानंद जी की 163 वी जयंती के अवसर पर सौसर का आकाश 'ओम सूर्याय नमः' के मंत्रों से गुंजायमान रहा। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण भोपाल से हुआ सीधा प्रसारण रहा। मुख्यमंत्री जी के संदेश और भोपाल से मिले लाइव निर्देशों का पालन करते हुए सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में पूर्व राज्य मंत्री नाना मोहोड़, सौसर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा डागा, एसडीएम सिद्धार्थ पटेल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी भास्कर गावंडे, बीआरसी चैंनसा यादव,प्राचार्य श्रीमती शैलजा बत्रा की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं ने योगासन किए. स्वामी विवेकानंद जी के जयंती के अवसर पर कक्षा नवी के विद्यार्थियों को शासन के निशुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत पात्र 22 विद्यार्थियों को साइकिल वितरित कीया गया।



### शास माध्य शाला रिधोरा में हुआ कार्यक्रम

शासकीय माध्यमिक शाला रिधोरा में सरपंच श्रीमति प्राची केचे की अध्यक्षता में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, स्वामी विवेकानंद जयंती, युवा दिवस के अवसर पर प्राणायाम, योगा अभ्यास और सुर्य नमस्कार योग छात्र छात्राओं ने किया,डॉ सोनानाग शिववेदी आचार्य प्रेमराज लांडे,योग प्रशिक्षक लक्ष्मी देशमुख,छाया मरकाम, रामेश्वरी सनेश्वर, वनिता तिजारे,ज्योति देशभ्रतार,दीपाली ठाकरे,धर्मवीर सूर्यवंशी आदि थे। नगर की शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्वामी विवेकानंदजी को नमन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गयाइस दौरान सूर्यकीर्ति काले,राजेंद्र डोंगरे, किर्तीसागर बागडे,राजरत्न बागडे शकुंतला कमाले,निरू गुरु,अनिता उईके,एवं समस्त स्टॉफ ने अपनी सहभागिता दी।

### सूर्य नमस्कार के लिए उठे एक साथ हजारों हाथ



**जुन्नारदेव।** 12 जनवरी सोमवार को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष में युवा दिवस पर विधानसभा क्षेत्र के समस्त शासकीय कार्यालय में सूर्य नमस्कार किया गया। इस दौरान नगर के पंडित रविशंकर शुक्ल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नपा अध्यक्ष रमेश सालोडे, नपा उपाध्यक्ष सोनिया कुमरे, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव अपील समिति सदस्य सभापति संजय मदन लाल जैन दीप्ति साहू, नीता शरद कुरोलिया, राजेंद्र सूर्यवंशी, प्रमोद बंदेवार सहित विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव में प्राचार्य डॉक्टर एक टांडेकर के मार्गदर्शन में योग गुरु सेवानिवृत्ति प्राध्यापक डॉक्टर पी अजवानी द्वारा योग प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार संपन्न कराया गया इस दौरान बड़ी संख्या में महाविद्यालय एनसीसी एनएसएस के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय स्टाफ से डॉक्टर संगीता वाशिंगटन प्रो आरडी वाडिवा, प्रो आरके चंदेल, डॉ रश्मि नागवंशी, डॉ एसके शेण्डे, प्रो मनोज मालवीय, खेल अधिकारी नीरज पाल सहित समस्त स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## स्वामी विवेकानंद युवा दिवस पर 'रन फॉर स्वदेशी' कार्यक्रम आयोजित

**दमुआ।** शासकीय महाविद्यालय दमुआ में प्राचार्य के मार्गदर्शन में स्वामी विवेकानंद युवा दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय में 'रन फॉर स्वदेशी' कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में स्वदेशी उत्पादों के प्रति जागरूकता, आत्मनिर्भर भारत की भावना तथा राष्ट्रभक्ति को प्रोत्साहित करना रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। दौड़ में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और "स्वदेशी अपनाओ–देश बढ़ाओ" जैसे नारों के माध्यम से जन-जागरूकता का संदेश दिया।इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज के युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं। उन्होंने स्वदेशी को आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला बताते हुए युवाओं से देशहित में स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का आह्वान किया।साथ ही स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी श्री नीरज कुमार सल्लाम ने युवाओं को करियर निर्माण के साथ-साथ राष्ट्रनिर्माण में सहभागिता का संदेश दिया और स्वदेशी आंदोलन की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय के स्टाफ, स्वयंसेवकों एवं विद्यार्थियों का सराहनीय सहयोग रहा। अंत में सभी प्रतिभागियों ने स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया।

## आनंद मेले में आकर्षक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के साथ ड्रेगन झूलों का बच्चों ने लिया आनंद



**सिंगोड़ी।** सिंगोड़ी नई आबादी स्थित स्वामी विवेकानंद आदर्श विद्यालय में युगपुरुष स्वामी विवेकानंद जी की जन्म जयंती के अवसर पर बृहद बाल आनंद मेले का आयोजन किया गया आनंदपाल मेले में बच्चों के द्वारा स्वादिष्ट व्यंजनों की बगिया सजाई गई जिसमें तरह-तरह के बच्चों के द्वारा पकवान बनाए गए स्कूल के शिक्षकों सहित बड़ी मात्रा में बच्चों के अभिभावकों को सहित टोकन प्राप्त कर बच्चों के द्वारा बनाई गई खाद्य सामग्री को बड़े चाव से खाया गया बाल मेले में जिले से आए भिन्न-भिन्न झूलों ने बच्चों के आनंद को दुगना कर दिया बच्चों के द्वारा आकर्षक फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन अपने आप में मंत्र मुक्त करने वाला रहा स्वामी विवेकानंद आदर्श विद्यालय के संचालक पवन राव सोनी ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शाला परिवार के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की पावन जन्म जयंती पर विराट आनंद मेले का आयोजन अनवरत कई वर्षों से किया जा रहा है जिसमें सिंगोड़ी एवं क्षेत्र से आए ग्रामीण जनों अभिभावकों का भरपूर सहयोग मिलता है कार्यक्रम के पश्चात बच्चों को पारितोषिक वितरण कर जन्म जयंती के पावन अवसर पर वक्ताओं द्वारा उद्बोधन दिया गया।

## युवा दिवस पर हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन

**जुन्नारदेव।** नगर के शासकीय श्री नंदलाल सूद उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव के प्रांगण में युवा दिवस की उपलक्ष में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया जिसमें शासकीय कन्या उच्चतर विद्यालय एवं शासकीय श्री नंदलाल सूद उत्कृष्ट विद्यालय जुन्नारदेव के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने सामूहिक सूर्य नमस्कार में भाग लिया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे अपील समिति सदस्य संजय जैन पूर्व विधायक नत्थन शाह कवरेती सहित बी ई ओ ओ पी जोशी विद्यालय प्राचार्य सी एस दीक्षित खेल प्रशिक्षक अनुरोध शर्मा एन सी सी ऑफिसर मनोज शर्मा शिक्षक सुदामा विश्वकर्मा उपस्थित रहे सामूहिक सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम का अभ्यास सेवानिवृत शिक्षक बी आर राउत द्वारा कराया गया।

## खेलों एमपी यूथ गेम्स में बेडमिंटन, टीटी, योगासन, वॉलीबॉल, रस्साकसी ट्रायल हुआ समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

खेलो एम पी यूथ गेम्स की ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता शास. महाविद्यालय जुन्नारदेव में 19 वर्ष बालक बालिका दोनों ही वर्ग में बेडमिंटन एवं टी टी चयन स्पर्धा महाविद्यालय क्रीड़ा अधिकारी नीरज पाल के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। साथ ही ब्लॉक समन्वयक विभा तारन ने बताया कि वॉलीबॉल एवं रस्साकसी का ट्रायल शास. उच्च. माध्य. विद्यालय भतोडिया प्राचार्य राजेन्द्र प्रसाद पटेल के नेतृत्व में संपन्न हुआ। पी एम श्री दमुआ में प्राचार्या सातनकर मैडम के नेतृत्व में निर्मला बेले जी ने योगासन के ट्रायल लिए प्रतियोगिता को संपन्न कराने ने बैडमिटन कोच रत्नेश दुबे, कुलदीप सिंह रघुवंशी, अशोक यदुवंशी, दिनेश सिंह राठौर, शुभम यदुवंशी, राजेश सोनी, सावन यादव, सुरेंद्र मर्राफा का विशेष योगदान रहा। जिला स्तरीय चयनित खिलाड़ियों को आगामी प्रतियोगिता हेतु सभी ने शुभकामनाएं प्रेषित की। विभा तारन ने बताया कि 13 जनवरी को शास.उच्च.माध्य. विद्यालय घानाउमरी में कबड्डी, कुश्ती एवं खो खो का ट्रायल होगा।

## श्रद्धा उल्लास से मनाई सती अनसुया माता की पुण्यतिथि

**सौंसर।** विदेही सती अनसुया माता जन्मोत्सव समिति द्वारा वार्ड नंबर 05 स्थित ऐतिहासिक नगाजी बाबा मंदिर परिसर में सती अनसुया माता की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों के साथ माता की महिमा का गुणगान किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी जनता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम की शुरुआत माता की प्रतिमा पूजन के साथ हुई। विदेही सती अनसुया माता जन्मोत्सव समिति के सदस्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच माता की भव्य आरती उतारी गई। आरती के दौरान पूरा मंदिर परिसर 'माता अनसुया के जयकारों' से गूंज उठा। पूजन के पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया।विशेष रूप से पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष सुनील भानगे,पार्षद सुनील खंडाईत उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता के लिए मुकुल खंडाईत दर्शन करवंदे,मयुर खंडाईत,सुमित नेरकर,दर्शन खंडाईत, रोहन रुंघे,शशिकांत खंडाईत,आशीष पाटिल,उदय रुंघे,सौरभ खंडाईत, अमोल खंडाईत आदि मौजूद रहे।





## सुरेश सोनी बने विश्व हिन्दू परिषद जिला सामाजिक समरसता प्रमुख

**जुन्नारदेव।** विश्व हिन्दू परिषद प्रखंड अध्यक्ष जुन्नारदेव के दो कार्यकाल पूर्ण करने के बाद जिलाध्यक्ष हरपाल सिंह एवं जिला मंत्री राधेश्याम यदुवंशी की अनुशंसा पर प्रांत सह मंत्री प्रदीप गुप्ता ने जुन्नारदेव नगर के सुरेश कुमार भोला सोनी को विश्व हिन्दू परिषद जिला परासिया समरसता प्रमुख का दायित्व सौंपने की घोषणा की है। उन्हें जिले का यह दायित्व प्राप्त होने पर हिंदूवादी संगठनों के साथ-साथ नगर के प्रबुद्ध नागरिकों ने बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## किरनापुर के नवांकुर संस्थाओं द्वारा अकोला मे खेल कुद कराकर मनाई गई स्वामी विवेकानंद जयंती

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



विकास खंड किरनापुर सेक्टर कृमांक 02अंर्तगत प्रस्फुटन ग्राम अकोला में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् बालाघाट के जिला समनवयक श्री सुशील बर्मन जी के मार्गदर्शन में बी सी महोदय रूचिका बैश जी के नेतृत्व मे तथा समस्त नवांकुर संस्था व मेटर्स के सहयोग से स्वामी विवेकानंद जयंती, युवा दिवस के रूप मे मनाई गई।

इस अवसर पर सर्व प्रथम स्वामी जी के छायाचित्र का पूजन कर कार्यक्रम का सुभारंभ किया गया। सर्व प्रथम 200 मिटर दौड़ छात्र- छात्राओं द्वारा कराया गया। बालकों द्वारा कबड्डी कराई गई। तथा बालिकाओ द्वारा खो- खो कराया गया। इस अवसर पर ब्लॉक समनवयक रूचिका बैश जी, नवांकुर पृभारी दिनेश चोरनेले , भाग चंद मंडलवार , महेश पटले , सविता बोपचे,। मेंटर्स से जगदीश पांचे, जितेंद्र मातरे , विकास एडे । ग्रामीणों से स्कूल अध्यक्ष श्री श्रावण कुथे,, मुन्ना सिलारे,, रैनूका यादव, राशन बाई,, भोजलाल कोढापे, पाडूरंग हरिणखेडे जिरा बाई तथा सी एम सी एल डी पी से ज्योति झगराहे, प्राची कोडापे, संतोषी आवरे, रेणुका आदि उपस्थित रहे

विजेता छात्र छात्राओं को संस्था की ओर से पूरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया। जिसमें दौड प्रतियोगिता से बालक हिमांशु, लव, बलिका से हिमांशि, मधुबाला खो खो टिम बालिका को शिल्ड व बेग, वैसे ही बालक कबड्डी विजेता टिम को शिल्ड और बेग दिया गया। बाकी समस्त छात्र छात्राओं को पेन देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का समापन स्कूल अध्यक्ष श्री श्रावण कुथे जी के उदबोधन के साथ स्वल्पाहार कराकर किया गया।

## स्वामी विवेकानंद की जयंती : युवा दिवस पर हुआ सामूहिक सूर्य नमस्कार



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** राष्ट्रीय युवा दिवस हर साल 12 जनवरी को महान आध्यात्मिक नेता, दार्शनिक और विचारक स्वामी विवेकानंद की स्मृति में मनाया जाता है। इस वर्ष स्वामी विवेकानंद जी की 163 वीं जयंती के अवसर पर विकासखंड कटंगी के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन किया गया। नगर के संदीपनी स्कूल में एसडीएम के.सी.ठाकुर, तहसीलदार राकेश प्रजापति, प्राचार्य शैलेन्द्र गुप्ता, उप-प्राचार्य यतीन्द्र अग्रवाल, माध्यमिक शाला प्रमुख वाय.के.गढ़पाण्डे, युवा नेता अवलेश पारधी, संदीप शर्मा, भूपेन्द्र ठाकुर, देवीप्रसाद तिवारी की प्रमुख उपस्थिति में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने सामूहिक सूर्य नमस्कार योगाभ्यास किया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र की पूजा अर्चना के साथ सुबह साढ़े 09 बजे हुई। नगर के शक्ति विद्या मंदिर स्कूल में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती केसर बिसेन के मुख्य आतिथ्य में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन हुआ। यहां भी बच्चों ने उत्साह के साथ योगाभ्यास किया। जिला पंचायत सदस्य ने योग के फायदे बताए।

### 5.25 करोड़ रुपए की लागत से बनेगा अटल सुशासन भवन (जनपद पंचायत भवन)

## प्रदेश की पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाया जाएगा-मंत्री श्री पटेल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



प्रदेश सरकार अगले 40 से 50 साल की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर पंचायत भवनों का निर्माण करा रही है। इन पंचायत भवनों को अटल ग्राम सेवा सदन नाम दिया गया है। यह केवल भवन मात्र नही होंगे, बल्कि आमजन को सुशासन देने का काम करेंगे। प्रदेश सरकार ग्राम पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रही है। प्रदेश की हर ग्राम पंचायत में आजीविका भवन बनाया जाएगा।

इस आशय के उद्गार मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने वारासिवनी में 5 करोड़ 25 लाख 67 हजार रुपए की लागत से बनने वाले अटल सुशासन भवन (जनपद पंचायत भवन) के भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को सम्बोधित करते हुए कही।

कार्यक्रम में सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक विवेक विक्की पटेल, विधायक गौरव सिंह पारधी, जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार, पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, कलेक्टर मृणाल मीना, पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा लिल्हारे, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती माया उइके, जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा अमूले, जनपद पंचायत पूर्व अध्यक्ष किशोर अमूले, जनपद पंचायत पूर्व अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा निरंजन बिसेन, भाजपा नेता निरंजन बिसेन, शैलेन्द्र सेठी, खैरलॉजी जनपद पंचायत पूर्व अध्यक्ष राकेश बनोटे, जनपद सदस्य जितेन्द्र सिंह राजपूत, भाजपा पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष दीप चौहान, भाजपा मंडल अध्यक्षगण मिलिन्द नगपुरे व वेदप्रकाश पटेल, ग्राम पंचायतों के सरपंच, अन्य गणमान्य नागरिक, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** विकासखंड लांजी के अंतर्गत महाविद्यालय पाली एकेडमिक इंस्टीट्युशन, बिसोनी (लांजी) मे प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी स्वामी विवेकानंद जी के जन्म दिवस 12 जनवरी 2026 के अवसर पर सामूहिक सूर्यनमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम संस्थापिका श्रीमती वंदना वैद्य प्राचार्य बी.जे. लिल्हारे के द्वारा स्वामी विवेकानंदजी व माँ सरस्वती की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय परीसर मे प्रातः 8:30 बजे से प्रारंभ किया गया जिसमें बी.एस.सी. बी.एड., बी.एड. और डी.एल.एड. के समस्त प्रशिक्षणार्थियों व प्राध्यापकों की उपस्थिति मे संपन्न किया गया । महाविद्यालय के डी.एल.एड. से छात्र शाहिल नारनौरे (कराटे प्रशिक्षक) तथा योग शिक्षक के.के. उमरे के द्वारा भिन्न-भिन्न योगासन व प्राणायाम का अभ्यास कराया गया तथा उनसे होने वाले लाभ, दोष, विधि को समझाते हुए आसनों की उपयोगिता को बताया गया तथा प्राणायाम-योग करके सिखाते हुए अभ्यास करवाया गया जिसके अंतर्गत पद्मासन, भुजंगासन, चक्रासन, धनुरासन, पादपश्चितोसन और प्राणायम में उज्जायी प्राणायाम कपालभाती, अनुलोम-विलोम, इत्यादि का मधुर संगीत के साथ बारी-बारी से अभ्यास करवाया गया। समाज में जीवनशैली, योग, अनुशासन, तथा राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रोत्साहित किया। साथ ही सूर्य नमस्कार के 12 आसनों का चरणबद्ध तरीके से अभ्यास किया गया साथ ही, राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम, स्वामी विवेकानंद जी की प्रेरक वाणी, मुख्यमंत्री का संदेश, सामूहिक सूर्यनमस्कार एवं प्राणायाम का आयोजन किया गया।

### अभाविप लांजी एवं मेधालिपि फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम हुआ सफल

## युवा दिवस पर लक्ष्मीकांता कॉलेज परिसर में विशाल रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती के पावन अवसर पर सेवा एवं समाज के प्रति समर्पण की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) लांजी, मेधालिपि फाउंडेशन एवं भारत माता पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन सोमवार को लक्ष्मीकांता कॉलेज परिसर में किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महाकौशल प्रांत के ग्राम विकास संयोजक नैनसुख जी विशेष रूप से उपस्थित रहे एवं उन्होंने स्वयं रक्तदान कर युवाओं को प्रेरित किया।आयोजकों ने बताया कि स्वामी विवेकानंद जी के विचार—"उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्ति तक रुको मत"—से प्रेरित होकर यह आयोजन किया गया, ताकि युवा शक्ति समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को समझे और मानव सेवा में सक्रिय भूमिका निभाए। रक्तदान शिविर के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया।शिविर में प्रशिक्षित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की देखरेख में रक्तदान कार्यक्रम संपन्न हुआ। रक्तदाताओं की सुरक्षा एवं सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को आवश्यक प्रमाण-पत्र एवं स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी प्रदान किया गया।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने नगरवासियों, युवाओं, सामाजिक संगठनों एवं स्वयंसेवियों का धन्यवाद प्रेषित किया, जिन्होंने अधिक संख्या में उपस्थित होकर रक्तदान जैसे महादान में भाग लिया और स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को सेवा और समर्पण के साथ मनाया।इस कार्यक्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद लांजी से नगर मंत्री ऋषभ रजक, SFS प्रमुख कमलेश गुर्दे, महाविद्यालय अध्यक्ष ललित भरने, नगर सह मंत्री वैभव नगपुरे, सुमित ठाकरे, सोयांश अग्रवाल, संस्कार अग्रवाल, जागृति शुक्ला, कार्यकारिणी सदस्य पिंकी श्रीवास, आलिया शेख, निशा ठाकरे, दुर्गेश्वरी लूते, दिव्या अस्तने, डाली नागपुरे, अंजली हुमने, अंजू वैद्य, पूजा तिड़के, पूर्व भाग संयोजक सफीक खान, पूर्व नगर अध्यक्ष निलेश दुर्गकर, शुभम मिश्रा, अमन मिश्रा उपस्थित रहे।वहीं इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सामाजिक कार्यकर्ता उज्जवल श्रीवास्तव,शाजिद शालू अली, जितेंद्र विक्की तिड़के, मोहसिन खान, विकास मानकर, राजू कुशले, बिट्टू दुर्गकर, इंद्रजीत अहिरवार, यश रहमतकर, योगेश चंद्रवंशी सहित नगर के गणमान्य नागरिकों ने सहयोग प्रदान किया।मेधालिपि फाउंडेशन एवं भारत माता पब्लिक स्कूल के स्टाफ एवं अधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान राष्ट्रीय लोधी महासभा के अध्यक्ष गुलाबचंद लोधी, ताराचंद बड़घैया, विनीश मैथ्यू, नरेश अगासे, राधेश्याम कचवाहे सहित संपूर्ण भारत माता पब्लिक स्कूल एवं मेधालिपि फाउंडेशन का स्टाफ उपस्थित रहा।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने वाले सभी व्यक्तियों एवं संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पीएम श्री शासकीय उच्च.माध्य. विद्यालय मिरगपुर में सुर्य नमस्कार का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

पीएम श्री शासकीय उच्च.माध्य विद्यालय मिरगपुर में 12 जनवरी सोमवार को राष्ट्रीय युवा दिवस एंव स्वामी विवेकानंद जी के जयंती के अवसर पर सुर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। इस दौरान सामूहिक सुर्य नमस्कार करवा कर संपन्न किया गया । इस अवसर पर योग शिक्षक यादेश राहंगडाले के द्वारा सुर्य नमस्कार के 12 आसनो को करवा कर बताया गया जिसमें प्रणाम आसन ,हस्त उन्तासन ,पर्वतासन, अश्व संचालासन, दंडासन सहित अन्य आसन बताया गया साथ ही योग के महत्व के बारे जानकारी दि गई। इस दौरान प्राचार्य एस.आर.बिसेन ने बताया की स्वस्थ शरीर के लिए योग आवश्यक है, जीवन में समय निकालकर योग करना चाहिए ताकि शरीर स्वस्थ और अच्छा रहे। तथा महान दार्शनिक स्वामी विवेकानंद जी के जीवनी व आर्दश एंव प्रेरणास्त्रोत विचारो को विस्तृत रूप से बताया गया । इस अवसर पर प्राचार्य एस.आर.बिसेन, योग शिक्षक यादेश राहगडाले, ब्रजेश नामदेव, मनोज बोरकर, जितेन्द्र संधी, विजय भगत, कमलेश नागपुरे जितेन्द्र भादले रविंद्र उरखडे, लक्ष्मी राणा, निशा गजभिऐ, सरोज ठाकरे, सुखवंता उपवशी एंव अन्य शिक्षक एंव विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### जल सुनवाई का आयोजन आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी नगर के नागरिकों को सूचित किया जाता है कि स्वच्छ जल अभियान के अंतर्गत जल सुरक्षा, जल संरक्षण, जल सुनवाई का आयोजन दिनांक 13 जनवरी 2026 को स्थान बाहुबली चौक सिवनी में प्रातः 11 बजे किया जा रहा है जिसमें आम नागरिकगण अपने वार्डों के जल से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायतें लेकर उक्त शिविर में पहुंच सकतें है। जिसका उचित निराकरण नगर पालिका प्रशासन द्वारा किया जावेगा।

### समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के उन सभी किसानों से 13 जनवरी तक ई-उपार्जन पोर्टल के माध्यम से स्लॉट बुक करने का आग्रह किया है, जिन्होंने अभी तक अपनी उपज का विक्रय करने स्लॉट बुक नहीं किये हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में 61 हजार 51 किसानों ने धान का विक्रय करने अपना पंजीयन कराया गया है और इनमें से अभी तक 54 हजार 638 किसानों द्वारा स्लॉट बुक किये गये हैं।

जिले में अभी तक 47 हजार 788 किसानों से 03 लाख 6 हजार 566.98 एमटी धान का उपार्जन किया जा चुका है। किसानों को अभी तक 408.96 करोड़ रुपये का भुगतान भी कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि जिले में समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन एक दिसम्बर से प्रारंभ हुआ था और 20 जनवरी तक किसानों से धान खरीदी जायेगी। किसानों से धान के उपार्जन के लिये जिले में 91 खरीदी केंद्र बनाये गये हैं।






# युवा दिवस के अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का जिलास्तरीय कार्यक्रम संपन्न

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती 'युवा दिवस' के अवसर पर जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसी परिपेक्ष में जिलास्तरीय कार्यक्रम उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी में आयोजित हुआ। आयोजित हुए सूर्य नमस्कार कार्यक्रम में विधायक दिनेश राय मुनमुन, जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, नगर पालिका अध्यक्ष ज्ञानचंद सनोड़िया, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत, श्री आलोक दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारी, शाला स्टॉफ, गणमान्य नागरिकों, स्कूली छात्र-छात्राओं, योग एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में सभी जनों के द्वारा सूर्य नमस्कार का तीन चक्रों में अभ्यास के साथ ही अलोम विलोम, प्राणायाम, भ्रामरी का अभ्यास किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने मां सरस्वती तथा स्वामी विवेकानंद के चित्र में माल्यार्पण कर किया गया।तत्पश्चात आकाशवाणी से स्वामी विवेकानंद जी द्वारा शिकागो में धर्म सम्मेलन में दिए भाषण एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश को सुना गया।

सभी उपस्थित जनों द्वारा राष्ट्रगीत वंदे मातरम गायन उपरांत सूर्य नमस्कार अभ्यास तथा योगासन किए गए। विधायक दिनेश राय द्वारा उपस्थित छात्राओं तथा नागरिकों से स्वस्थ शरीर के निर्माण तथा खुशहाल जीवन यापन के लिए सूर्य नमस्कार एवं योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने भी छात्र छात्राओं को स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करते, अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की बात कही।

## स्वामी विवेकानंद जयंती पर सेवा सप्ताह अंतर्गत कन्या महाविद्यालय में स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन



सिवनी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय, सिवनी में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी मध्य प्रदेश राज्य शाखा द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में "युवा दिवस" मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत 6 जनवरी से 12 जनवरी 2026 तक "सेवा सप्ताह" का आयोजन किया गया।

इसी क्रम में आज दिनांक 12 जनवरी 2026 को महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षिका श्रीमती कल्पना इंगले के संरक्षण तथा महाविद्यालय की रेड क्रॉस सोसाइटी प्रभारी श्री रामदीन भलावी के नेतृत्व में स्वास्थ्य शिविर एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर महाविद्यालय एवं नई पहल एजुकेशन एंड वेलफेयर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ। शिविर में नागपुर स्थित सिटी हॉस्पिटल, कामठी से सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. तंजीम आजमी, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. उनैजा आजमी, डॉ. सारंग अतराम, ब्रेस्ट कैंसर विशेषज्ञ डॉ. सोनम साहू एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अशफाक खान ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर के दौरान नेत्र परीक्षण एवं परामर्श, लेंस के माध्यम से चश्मा परामर्श, बीपी, शुगर, ईसीजी जांच के साथ-साथ विशेष स्वास्थ्य परामर्श भी दिए गए।

कैंसर रोग विशेषज्ञ द्वारा छात्राओं को दिनचर्या में सुधार कर विभिन्न बीमारियों से बचाव के उपायों की जानकारी भी दी गई। शिविर में महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, साथ ही छात्राओं के अभिभावकों एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। लगभग 220 लोगों ने इस शिविर का लाभ उठाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस की छात्राओं का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी श्रीमती अलका मर्सकोले, रसायन शास्त्र विभाग से डॉ. अनीता बुरडे, माइक्रोबायोलॉजी विभाग से सुश्री वर्षा पांडे, डॉ. अनीता भट्ट, श्रीमती लक्ष्मी मेश्राम, सुश्री आयशा सिद्धिका, डॉ. अर्पणा अवस्थी, श्री राशीद खान सहित महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# साईं भिक्षा रैली का आयोजन, श्रद्धालुओं ने लिया बढ़-चढ़कर भाग

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शनिवार को साईपुरम सिवनी के तत्वावधान में साईं भिक्षा रैली का आयोजन किया गया। यह पावन रैली हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, बरापत्थर से प्रारंभ होकर क्षेत्र के सभी भक्तों के घरों के सामने से निकली।



रैली में बड़ी संख्या में साईं भक्तों ने सहभागिता करते हुए इस पुण्य कार्य को सफल बनाया। श्रद्धालुओं ने अपनी-अपनी सामथ्र्य के अनुसार दान देकर साईं बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे मार्ग में साईं राम के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

इस शुभ अवसर पर समस्त साईं भक्तों का स्वर्गीय अभय निगम जी की कर्मभूमि यूनिवर्सल कंप्यूटर के कैंपस में आत्मीय स्वागत किया गया। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के आयोजकों ने सभी साईं भक्तों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार साईं सेवा कार्यों में सहभागिता का आह्वान किया।

# मतदाता सूची में नाम जुड़वाएं, जिम्मेदार नागरिक बनें विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत 22 जनवरी तक दावे-आपत्तियां आमंत्रित

**सिवनी।** जिले में फोटो निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण–2026 (**SIR**-2026) की प्रक्रिया जारी है। इस क्रम में प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 23 दिसंबर 2025 को किया जा चुका है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले ने जिले के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे अपने नाम मतदाता सूची में अवश्य जांचें तथा समय-सीमा के भीतर आवश्यक दावे एवं आपत्तियां दर्ज कराएं, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे।निर्वाचक नामावली का प्रारूप **voters.eci.gov.in**, **ceoelection.mp.gov.in** एवं **ECINet App** पर उपलब्ध है। नागरिकों को सलाह दी गई है कि वे अपने नाम, पता एवं अन्य विवरणों की जांच अवश्य करें। दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 22 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है। इस अवधि के दौरान प्रत्येक कार्यदिवस में सभी मतदान केंद्रों पर बूथ लेवल ऑफिसर (**BLO**) उपस्थित रहेंगे। उनके माध्यम से नाम जोड़ने, हटाने, संशोधन करने एवं आपत्ति दर्ज कराने से संबंधित आवेदन लिए जाएंगे। नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6 के साथ घोषणा-पत्र (**Annexure-IV**) अनिवार्य होगा। यदि कोई मतदाता अन्य राज्य से स्थानांतरित होकर आया है, तो उसे फॉर्म-8 के साथ घोषणा-पत्र प्रस्तुत करना होगा। ऑफलाइन आवेदन करने पर आवेदकों को बीएलओ से रसीद प्राप्त करना अनिवार्य बताया गया है। दावे एवं आपत्तियों के निराकरण के पश्चात पात्रता की जांच की जाएगी। आवश्यक होने पर संबंधित मतदाताओं को नोटिस जारी कर 14 फरवरी 2026 तक सुनवाई की जाएगी, जिसमें उन्हें निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित होना होगा। फॉर्म-6, फॉर्म-6**A**, फॉर्म-7 एवं फॉर्म-8 मतदाता वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की सुविधा के लिए **ECINet App** को गूगल प्ले-स्टोर से डाउनलोड करें। मोबाइल नंबर से पंजीकरण कर **OTP** सत्यापन करें। **Voters Services** में जाकर **Voter Registration** विकल्प चुनें। फॉर्म-6 व घोषणा-पत्र भरें। इसके अतिरिक्त, **https://voters.eci.gov.in** पोर्टल के माध्यम से भी आवेदन किया जा सकता है। जिला निर्वाचन कार्यालय ने "कोई मतदाता छूट न जाए" संदेश के साथ सभी नागरिकों से अपील की है कि वे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाएं। अधिक जानकारी के लिए 1950 हेल्पलाइन, **ceoelection.mp.gov.in**, **@ceomp-elections** एवं **/ceompelections/CEOMPSVEEP** से संपर्क किया जा सकता है।

# बस स्टैंड में आयोजित हुआ चालकों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**



पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्ग दर्शन में यातायात पुलिस सिवनी द्वारा सडक़ सुरक्षा माह के अन्तर्गत यातायात नियमो का पालन करने हेतु समझाइश दी जा रही है। साथ ही लोक परिवहन के साधनों जैसे बस, ऑटो आदि के चालको को यातायात नियमो का पालन करने की हिदायत के साथ-साथ उनको अपने स्वास्थ्य पर भी ध्यान देने की समझाइश भी दी जा रही है। साथ ही प्रत्येक वर्ष अपना नेत्र परीक्षण आवश्यक रूप से कराने हेतु निर्देशित किया जा रहा है, क्योंकि लोक परिवहन के साधनों में चालक का काम करने वाले वाहन चालकों पर उन साधनों से सफर करने वाले व्यक्तियों का जीवन निर्भर करता है। इस प्रकार नेत्र सम्बन्धी बीमारियों से किसी प्रकार की दुर्घटना ना हो इसके लिए आवश्यक है कि सभी चालक अपना नेत्र परीक्षण समय पर कराकर चिकित्सक द्वारा दी गई सलाह के अनुसार अपना इलाज अवश्य कराए।

प्रायः वाहन चालक अपने कार्य में व्यस्तता के कारण एवं एक स्थान से दूसरे स्थान पर लगातार आवागमन के कारण अपना नेत्र परीक्षण समय पर नहीं करा पाते हैं। इसे देखते हुए सडक़ सुरक्षा माह के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सिवनी के निर्देश अनुसार थाना प्रभारी यातायात सिवनी एवं अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जिला सिवनी के द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन शासकीय बस स्टैंड सिवनी में किया गया 7 नेत्र परीक्षण दृष्टी दोष विशेषज्ञ योगेन्द्र पटेल चिकित्सक साई नेत्रा आई केयर द्वारा किया गया। जहां पर लगभग 150 वाहन चालकों के नेत्रों का परीक्षण कराया गया साथ ही आवश्यकता अनुसार उन्हें चश्मे भी वितरित किए गए।

नेत्र शिविर आयोजन में आरक्षक राजेश सरेयाम, सोहन सल्लाम, दिनेश नामदेव, आर0 पंकज शर्मा थाना यातायात सिवनी एवं तुलसीराम सोलंकी, शशि कुमार शुक्ला, गगन गौड़, युनुश खान कार्यालय अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# ग्राम पंचायत पिपरिया भसुडा में पेसा कानून पर हुआ संवाद



**धनौरा।** जनपद की ग्राम पिपरिया भसुडा जनपद पंचायत धनोरा जिला सिवनी मध्य प्रदेश में दिनांक 10 जनवरी 2026 को विजय उइके ग्राम सभा अध्यक्ष आमानाला के अगुवाई में एक बैठक का आयोजन किया गया उक्त बैठक में जिला पंचायत सदस्य श्री घूर सिंह सल्लाम सरपंच संघ के अध्यक्ष राजेंद्र परते ग्राम पंचायत पिपरियाभसुडा के सरपंच विजय सल्लाम पेसा के राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर एम एल मुरापे जनपद सदस्य पति लोहरी इनवाती ग्राम सभा के अध्यक्ष ग्राम सभा पेसा कानून के मोबिलाइजर आदि की उपस्थिति में पेसा कानून को जमीनी स्तर में कैसे लागू करें कौन-कौन सी कठिनाई आ रही है उसका समाधान कैसे करें इस गहन चिंतन मनन किया गया चिंतन मनन के दौरान प्रश्नों को उत्तर राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर ने दिए सभी लोगों ने संकल्प लिए कि पेसा कानून की समीक्षा हर माह किया जाए इसके लिए पूरे ब्लॉक स्तर की बैठक लेने का निर्णय लिया गया इसके बाद पेसा कानून से संबंधित लाइन डिपार्टमेंट के कर्मचारियों अधिकारियों को भी आमंत्रित किए जाने संबंधित चर्चा हुई समापन बेला में पेसा कानून अमर रहे का नारा लगाकर बैठक की समाप्ति की गई।

## धनौरा की साजपानी पंचायत से रवाना हुई कृषि रथ

जनपद पंचायत धनौरा की निकटतम ग्राम पंचायत साजपानी से कृषि रथ को किया गया रवाना इसके पूर्व विकासखंड स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया , जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री का किसानों को उद्बोधन लाइव प्रसारण के माध्यम से कराया गया। जनपद अध्यक्ष गुलाब सिंह भलावी ने कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर समस्त 47 पंचायतों में निर्धारित तिथि पर पहुंचने के लिए रवाना किया। साथ ही दिनांक 11 जनवरी 2026 को कार्यालय ग्राम पंचायत भवन साजपानी में कृषक कल्याण वर्ष 2026 शुभारंभ कृषि रथ का पूजन अर्चन कर किया गया इसके बाद कृषि से संबंधित कार्य पर चर्चा एवं कृषक संगोष्ठी किया गया । जैविक एवं प्राकृतिक खेती की ओर एक कदम, स्वस्थ खेती, सुरक्षित भविष्य ,प्रकृति के साथ खेती इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती सुदामा शिवराम धुर्वे, उपसरपंच श्रीमति पार्वती बाई वरकड़े भंगीलाल वरकड़े, रीता महेंद्र कुशराम पंच, रमानिया आशाराम धुर्वे पंच, शिवकली विश्वकर्मा गनेशा विश्वकर्मा पंच एवं समस्त पंचगण, पेसा ग्रामसभा अध्यक्ष ठाकुर गुलाबसिंह मर्सकोले, भूपेंद्र राजपूत अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत धनौरा, कृषि विभाग से मेश्राम कृषि विभाग सिवनी ,मनोज गोल्हानी प्राकृतिक कृषि विभाग धनौरा कुमरे कृषि विभाग धनौरा ,आशीष इनवाती फील्ड ऑफिसर , पशुपालन स्वाति पुसाने क्वअरू,सचिव शमशेर खान, सहायक सचिव मनेंद्र सिंह सिहोरे, पेसा ग्रामसभा मोबिलाइजर देवसिंह मर्सकोले,ठाकुर अनवर सिंह मर्सकोले,भोलाराम तेकाम , मुंशी लाल परते, संदीप कुमार हिवारे,सुखचैन मर्सकोले भानसिंह मर्सकोले एवं समस्त ग्रामवासियों कि उपस्थिति में कृषक संगोष्ठी सम्पन्न हुई ।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में समय-सीमा बैठक संपन्न

# तीन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।**

सोमवार 12 जनवरी को कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली शाह, अपर कलेक्टर श्री सी.एल. चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खंडायत, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनी श्रीमती पूर्वी तिवारी सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। खंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े।

बैठक में सर्वप्रथम कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने संकल्प से समाधान अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने 12 जनवरी से प्रारंभ होकर 31 मार्च तक चलने वाले अभियान के जिले में सफलतम क्रियान्वयन को लेकर सभी जनपदों एवं नगरपालिका के अधिकारियों के साथ ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि अभियान में चिन्हांकित योजनाओं के पात्र हितग्राहियों के चिन्हांकन के लिए डोर टू डोर सर्वे एवं शिविरों का आयोजन किया जाए तथा समय-सीमा में आवेदनों को निराकरण कर हितग्राहियों को लाभांवित करना सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने कृषि रथों के ग्रामवार भ्रमण के संबंध में भी जानकारी लेकर कृषि एवं अन्य संबंधित विभागों को निर्देश दिये कि जिले के आठों विकासखंडों में चल रहे कृषि रथ निर्धारित रूटचार्ट अनुसार ग्रामों में पहुंचे तथा किसानों को



कृषि की आधुनिक तकनीक सहित अन्य जरूरी जानकारी उपलब्ध कराऐं। उन्होंने कृषि रथ के ग्राम में भ्रमण के दौरान पशुपालन, उद्यानिकी के साथ ही अन्य संबंधित विभाग के मैदानी अमले एवं कृषि वैज्ञानिकों को उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर श्रीमती पटले ने जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गुणवत्तायुक्त पेयजल आपूर्ति के लिए की जा रही कार्यवाही की समीक्षा करते हुए सभी सीएमओ, जनपद के अधिकारियों तथा पीएचई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि नियमित रूप से डब्लू टी पी, पानी की टंकियों की सफाई की जाए, सतत रूप से घरों से पानी के नमूने लेकर उसकी गुणवत्ता का परीक्षण किया जाए। उन्होंने शासन द्वारा तैयार किए गए अमृत रेखा एप के उपयोग के लिए अपने अधिनस्थ अमले के प्रशिक्षण के निर्देश दिये हैं।

बैठक में कलेक्टर श्रीमती पटले ने लंबे समय से लंबित सीएम हेल्प लाईन की शिकायतों की भी विभागवार विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा के दौरान शिकायत को बिना वजह एक विभाग से दूसरे विभाग में स्थानांतरित करना पाया जाने को लेकर सीईओ जनपद बरघाट एवं महाप्रबंधक प्रधानमंत्री सड़क को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गये हैं साथ ही इसी तरह की शिकायत तथा बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से न जुड़ने को लेकर बीएमओ लखनादौन को भी नोटिस जारी किया गया है।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने अधिकारियों को मुख्यमंत्री कार्यालय, जनप्रतिनिधियों से प्राप्त शिकायतों तथा वरिष्ठ कार्यालयों से प्राप्त पत्रों की विभागवार समीक्षा कर प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण एवं समय-सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभागवार न्यायालयीन प्रकरणों की भी समीक्षा कर संबंधित विभाग प्रमुखों को सभी लंबित प्रकरणों में जवाब दावा प्रस्तुत करने के निर्देश दिये हैं।

कलेक्टर श्रीमती पटले ने धान उपार्जन की प्रगति की समीक्षा करते हुए आज दिनांक तक केन्द्रों में हुई खरीदी, परिवहन तथा किसानों को भुगतान स्थिति की भी समीक्षा करते हुए उपार्जित धान के त्वरित उठाव की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने उपार्जन के दौरान आ रही शिकायतों को भी संज्ञान लेकर नियमानुसार जांच करते हुए लापरवाही बरतने वाली समितियों पर कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

बैठक में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के गौरवपूर्ण एवं व्यवस्थित आयोजन को लेकर भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्रीमती पटले ने कार्यक्रम के व्यवस्थित आयोजन को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दायित्व सौंपे हैं। उन्होंने अधिकारियों को सौंपे गए कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया है।

# कृषि रथ बना दिखावा, किसान रहे नदारदः घंसौर कृषि उपज मंडी में शासन का महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रचार की भेंट चढ़ा

**घंसौर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाने और किसानों तक आधुनिक कृषि तकनीक, योजनाओं व नवाचारों को पहुंचाने के उद्देश्य से शुरू किया गया कृषि रथ अभियान घंसौर में बुरी तरह विफल साबित हुआ। कृषि उपज मंडी घंसौर में आयोजित यह कार्यक्रम किसानों की भागीदारी के बिना ही औपचारिकता बनकर रह गया। स्थिति यह रही कि जिस कार्यक्रम के केंद्र में किसान होने चाहिए थे, वहां गिनती के लोग ही नजर आए। कुर्सियां खाली पड़ी रही सरकारी कागजों में भले ही इसे व्यापक प्रचार-प्रसार वाला अभियान बताया गया हो, लेकिन जमीनी हकीकत इससे ठीक उलट नजर आई। क्षेत्रीय किसानों को कार्यक्रम की जानकारी तक नहीं दी गई, न गांवों में प्रचार हुआ, न पंचायत स्तर पर कोई ठोस पहल दिखाई दी।

**प्रचार-प्रसार पूरी तरह नदारद**

कार्यक्रम की सबसे बड़ी कमजोरी इसका शून्य प्रचार-प्रसार रहा। शासन के निर्देश स्पष्ट थे कि कृषि रथ के आगमन से पूर्व गांव-गांव में सूचना दी जाए, किसानों को व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किया जाए और स्थानीय माध्यमों से प्रचार किया जाए। लेकिन घंसौर में इन निर्देशों की खुलेआम अनदेखी की गई। कई किसानों ने बताया कि उन्हें कार्यक्रम की जानकारी उसी दिन मिली, जब वे मंडी पहुंचे। कुछ किसानों ने साफ कहा कि अगर समय रहते सूचना मिलती, तो वे जरूर पहुंचते।

**कृषि विस्तार अधिकारी की लचर कार्यप्रणाली उजागर**

इस पूरे आयोजन की जिम्मेदारी जिन कंधों पर थी, वही सबसे कमजोर कड़ी साबित हुए। कृषि विस्तार अधिकारी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। न तो उन्होंने गांव स्तर पर बैठकों का आयोजन किया, न ही कृषक संगठनों या प्रगतिशील किसानों से समन्वय बनाया। सूत्रों के अनुसार, कृषि रथ के आगमन की सूचना केवल फाइलों और व्हाट्सएप ग्रुप तक सीमित रह गई। जमीनी स्तर पर जाकर किसानों को



जोडऩे का प्रयास कहीं दिखाई नहीं दिया।

**कागजों में शानदार, मैदान में फिसड्डी**

शासन द्वारा जारी निर्देशों में जिला एवं विकासखंड स्तर पर समितियों के गठन, रूट चार्ट, तकनीकी दलों की तैनाती और मीडिया समन्वय की विस्तृत रूपरेखा तय की गई थी। लेकिन घंसौर में इन सबका असर केवल कागजों तक ही सीमित रह गया।

मंडी परिसर में कृषि रथ तो खड़ा दिखा, पोस्टर-बैनर जरूर लगे, लेकिन किसानों की मौजूदगी के बिना पूरा दृश्य सूना और बेजान नजर आया।

**किसानों की नाराजगी, बोले - यह तो सिर्फ दिखावा था**

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे कुछ गिने-चुने किसानों ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि शासन योजनाएं तो बनाता है, लेकिन उन्हें किसानों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी निभाने में अधिकारी असफल रहते हैं।

एक किसान ने कहा -अगर हमें पहले बताया जाता, तो हम अपने गांव के अन्य किसानों को भी लाते। यह कार्यक्रम तो केवल फोटो खिंचवाने तक सीमित रह गया। परिणामस्वरूप मंडी परिसर में सन्नाटा पसरा रहा और कृषि रथ का उद्देश्य अधूरा रह गया।

**सरकारी मंशा पर नहीं, क्रियान्वयन पर सवाल**

यह स्पष्ट है कि शासन की मंशा किसानों को जागरूक करने की है, लेकिन स्थानीय स्तर पर अधिकारियों की उदासीनता और लापरवाही के कारण योजनाएं दम तोड़ देती हैं। कृषि रथ जैसा महत्वपूर्ण अभियान अगर इस तरह विफल होता है, तो यह पूरे तंत्र पर सवाल खड़े करता है।

अब बड़ा सवाल यह है कि क्या इस विफलता की जिम्मेदारी तय की जाएगी? क्या कृषि विस्तार अधिकारी और संबंधित विभागीय अधिकारियों से जवाब तलब होगा? या फिर यह मामला भी अन्य सरकारी आयोजनों की तरह फाइलों में दबकर रह जाएगा?

स्थानीय किसानों और जागरूक नागरिकों की मांग है कि इस कार्यक्रम की समीक्षा हो, जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका की जांच की जाए और भविष्य में ऐसे आयोजनों को केवल औपचारिकता न बनाकर वास्तव में किसानों के हित में आयोजित किया जाए।

**किसान के बिना कृषि कार्यक्रम बेमानी**

घंसौर में कृषि रथ कार्यक्रम ने एक बार फिर साबित कर दिया कि किसान के बिना कृषि का कोई भी आयोजन अर्थहीन है। जब तक योजनाएं जमीन पर ईमानदारी से नहीं उतरेंगी और अधिकारी जिम्मेदारी से काम नहीं करेंगे, तब तक ऐसे कार्यक्रम सिर्फ सरकारी कैलेंडर की शोभा बढ़ाते रहेंगे।

अब देखना यह है कि प्रशासन इस विफलता से सबक लेता है या फिर अगला कृषि कार्यक्रम भी इसी तरह सन्नाटे की भेंट चढ़े

### इनका कहना है

शासन का यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम था इसमें भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए था मगर दुर्भाग्य बस कृषि विस्तार अधिकारी ने भेदभाव किया इस कारण से किस नहीं पहुंच पाए इस कार्यक्रम के अध्यक्ष अनुविभागीय अधिकारी हैं हम उनसे चर्चा करेंगे।

**राजेंद्र नामदेव जनपद उपाध्यक्ष घंसौर**

### धान की खरीदी में अनियमितता किये जाने का मामला
## कंजई उपार्जन केंद्र के 3 कर्मचारी निलंबित!






हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में अनियमितता किये जाने पर लालबर्रा तहसील के अंतर्गत उपार्जन केंद्र कंजई के 03 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इसके साथ ही धान खरीदी में हुई अनियमितता के कारण शासन को हुई क्षति की राशि इन निलंबित कर्मचारियों के वेतन से वसूल करने के आदेश दिये है।

धान उपार्जन केंद्र कंजई में अनियमितता किये जाने की शिकायत प्राप्त होने पर कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुनिल किरार, वेयर हाउस प्रबंधक आरके पटले, सहकारिता विभाग के उपअंकेक्षक अतुल राय की टीम द्वारा 10 जनवरी को कंजई के उपार्जन केंद्र जाकर जांच की गई। जांच के दौरान भौतिक सत्यापन में केंद्र में 57 क्विंटल धान अधिक पाया गया। केंद्र में तौल कर रखी गई बोरियों में स्टेंसिल एवं किसान कोड नही पाया गया। केंद्र में अमानक स्तर की धान खरीदा जाना पाया गया। केंद्र में किसानों द्वारा लायी गई धान की ढ़ेरी न लगाकर बोरी से बोरी में धान पलटना पाया गया। 09 जनवरी 2026 को जारी तौल पर्ची में से 04 किसानों की धान पोर्टल पर नही चढ़ाई गई थी। खरीदी केंद्र में धान के परिवहन में भी गड़बड़ी किया जाना पाया गया। परिवहन के लिए लगे वाहनों से पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर धान का उठाव नही कराया गया है।

खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन नीति की कंडिकाओं का उल्लंघन करने के कारण कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने सेवा सहकारी समिति कंजई के प्रबंधक बाबुलाल ठाकरे, उपार्जन केंद्र प्रभारी खूबचंद एड़े एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर गणेश शरणागत को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। धान खरीदी केंद्र में की गई अनियमितता से शासन को हुई क्षति की राशि इन निलंबित कर्मचारियों के वेतन से वसूल करने के आदेश दिये गए है।

## बालाघाट में द्वादश ज्योतिर्लिंग अति रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन संपन्न



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** महर्षि विद्या मंदिर विद्यालय समूह एवं महर्षि विश्व शांति आंदोलन के संयुक्त तत्वावधान में महर्षि विद्या मंदिर, समनापुर रोड, भटेरा, बालाघाट में 12 जनवरी 2026, दिन सोमवार को द्वादश ज्योतिर्लिंग अति रुद्राभिषेक का भव्य एवं पावन आयोजन श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन महर्षि ज्ञान युग दिवस समारोह के अंतर्गत, परम पूज्य महर्षि महेश योगी के 109वें जन्मदिवस के शुभ अवसर पर आयोजित किया गया । जहां कार्यक्रम का प्रारंभ सहायक निदेशक श्री अमित यदुवंशी, प्राचार्य श्री सतीश कुमार चौरसिया , शिक्षक श्री वासुदेव भूते,श्री संदीप तोमर,श्रीमती अनुपमा गौतम,श्रीमति वंदना चौरसिया ,नीरज तिवारी के द्वारा गुरुपरंपरा, महर्षि महेश योगी जी, स्वामी विवेकानंद जी,मां सरस्वती के छायाचित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया गया,तथा गुरुपूजन के साथ किया गया,तत्पश्चात श्री मनोज ज्योतिषी और श्रीमति सुनीता तिवारी के निर्देशन में भावातीत ध्यान का सामूहिक अभ्यास करवाया गया। प्राचार्य श्री सतीश कुमार चौरसिया ने अपने संक्षिप्त भाषण में कहा कि आज का दिन अत्यंत पुण्यदायी है जिस दिन हम भारत में जन्मे दो महान विभूतियों का अवतरण दिवस समारोह मना रहे हैं जिन्होंने विश्व पटल पर भारतीय वैदिक ज्ञान को विश्व पटल पर प्रचारित किया।उन्होंने बताया कि महर्षि महेश योगी जी ने हमें भावातीत ध्यान के रूप में एक ऐसी अद्वितीय प्रणाली दी है जिससे हम अपने जीवन को सुखमय बना सकते है और यह कार्य महर्षि समूह की संस्थाओं में भली भांति हो रहा है। सहायक निदेशक श्री अमित यदुवंशी जी और महर्षि संस्था द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की जानकारी दी। दोनों ही अधिकारियों ने सभी को राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की ।प्रातः 9:00 बजे से ब्रह्मस्थान करौंदी जिला कटनी के महर्षि वेद विज्ञान विद्या पीठ के विद्वान ब्राह्मण पंडित अखिलेश मिश्र और उनके समूह द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शिव के बारह ज्योतिर्लिंगों का विधि-विधानपूर्वक अति रुद्राभिषेक किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा एवं भक्तिमय भाव से ओत-प्रोत हो गया।अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं नगरवासियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम उपरांत समस्त उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद वितरण की व्यवस्था भी की गई, जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण किया।आयोजन का उद्देश्य जनमानस में आध्यात्मिक चेतना, शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार करना रहा। आयोजकों ने बताया कि यह कार्यक्रम विश्व शांति की स्थापना की दिशा में एक सार्थक प्रयास है, जो परम पूज्य महर्षि महेश योगी जी की परिकल्पना "धरती पर स्वर्ग" को साकार करने की भावना से प्रेरित है।इसी अवसर पर संस्था की राष्ट्रीय पत्रिका ₹ज्ञान₹ का विमोचन भी किया गया ।कार्यक्रम में बालाघाट शहर के विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्यों ने भी शिरकत की। कक्षा ग्यारहवीं और बारहवीं के विद्यार्थियों ने भी विभिन्न तरह से साजसज्जा कर अपना योगदान दिया।इस अवसर पर संस्था के श्री नीतेश कुमार मिश्रा और श्रीमती प्रकाशवती दीक्षित ने मंच संचालन किया तथा नीरज तिवारी ने विद्यालय परिवार के सदस्यों ने सभी आगंतुकों, अभिभावकों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## आदिम जाति सेवा सहकारी समिति उकवा के तीनों केंद्रो मे खरीदी गई 66 हजार 1 सौ 38 क्विंटल धान

हरिभूमि न्यूज उकवा।



आदिम जाति सेवा सहकारी समिति उकवा के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु तीन उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं जिनमे धान खरीदी केंद्र उकवा जिसके केंद्र प्रभारी शिवकुमार पारधी ने बताया की 12 जनवरी तक 22 हजार 603 क्विंटल धान की खरीदी की गई है खरीदे गए अनाज की कुल कीमत लगभग 5 करोड़ 35 लाख 48 हजार 101 रु है। दूसरा धान खरीदी केंद्र सोनपुरी में बनाया गया है जिसके केंद्र प्रभारी धनुष हनुमत ने बताया कि केंद्र में अब तक 22101.6 यानी 22 हजार एक सौ एक क्विंटल 60 किलो धान समर्थन मूल्य पर खरीदी की गई है जिसकी कुल कीमत 5 करोड़ 23 लाख 58 हजार 601 रु बताई गई। इसी तरह धान खरीदी केंद्र चिखलाझोडी केंद्र प्रभारी रूपलाल पारधी के धान खरीदी केंद्र में 21हजार 4 सौ 33 क्विंटल 60 किलो धान समर्थन मूल्य पर खरीदा गया जिसकी कुल कीमत 5 करोड़ 7 लाख 76 हजार 109 रु बताई गई। तीनों धन उपार्जन केंद्रो में लगभग 66 हजार 1 सौ 38 क्विंटल धान की खरीदी की गई जिसकी कुल कीमत लगभग 15 करोड़ 66 लाख 82 हजार 811 रु है।

## कृषि विस्तार अधिकारी संघ ने सार्थक एप से उपस्थिति लगाने के विरोध में उपसंचालक कृषि को सौंपा ज्ञापन



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** प्रदेश शासन द्वारा सार्थक एप के माध्यम से अटेंडेंस लगाने के आदेश का पूर्ण रुप से विरोध करते हुए कृषि विस्तार अधिकारी संघ जिला शाखा बालाघाट द्वारा मध्यप्रदेश कृषि विस्तार अधिकारी संघ भोपाल के प्रांतीय आव्हान पर उपसंचालक कृषि फूलसिंह मालवीय को बुधवार को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में सार्थक एप से अटेंडेंस न लगाए जाने और उसका सरलीकरण करने की मॉग की गई। वहीं एप से उपस्थिति लगाने में कृषि विस्तार अधिकारियों को हो रही परेशानियों से अवगत कराया गया है। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि कृषि विस्तार अधिकारियों का कार्य क्षेत्र लगभग 30 से 35 ग्रामों में काफी विस्तृत व बड़े रुप में फैले होने के कारण सार्थक एप्प में अटेंडेंस लगाना काफी कठिन कार्य है। इसीलिए इस सार्थक एप का विरोध किया जा रहा है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के जिला अध्यक्ष दिलेश कुमार खंडेलकर, प्रांतीय प्रतिनिधि प्रभात भालेराव, जिला कोषाध्यक्ष मिलिंद देशभरतार, सदस्यगण संजय मडक्रे, भूपेंद्र मासुरकर, राखी बोरकर, सीमा पोंगले, उर्वषी चन्देश्वर, पूजा पारधी, भौतेकर जी, संजय उके, योगेश वाहने, रामप्रसाद मर्सकोले, चंद्रमणि रामटेके, अंकित शरणागत, मरकाम जी, दीपिका बोपचे, उइके जी, रंजना भालाधरे, एम पी बारेकर एवम् समस्त कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे।

## बैगा महोत्सव के अंतर्गत ब्लाक स्तरीय खेल प्रतियोगिता सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** आगामी 17 एवं 18 जनवरी को प्रगति मैदान मलाजखंड में आयोजित होने वाले बैगा महोत्सव 2026 के लिए ब्लाक स्तरीय खेल प्रतियोगिताएँ 12 जनवरी को सम्पन्न हो गई है। इन प्रतियोगिताओं में बैगा जनजाति के खिलाड़ियो ने बड़े ही उत्साह के साथ भाग लिया है। प्रतियोगिताओं के दौरान विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आयोजन स्थल पर पारंपरिक उत्साह, अनुशासन और आपसी भाईचारे का सुंदर उदाहरण देखने को मिला। विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन स्थल बैहर विकासखंड में खेल परिसर मैदान, बिरसा विकासखंड में शासकीय कन्या उमावि, बिरसा का खेल मैदान एवं परसवाड़ा विकासखंड में शासकीय कन्या उमावि, परसवाड़ा के खेल मैदान में आयोजित की गई। 17 जनवरी को विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताओं के अंतर्गत नॉकआउट मुकाबले खेले जाएंगे, जबकि 18 जनवरी को प्रगति मैदान, मलाजखंड में भव्य फाइनल मुकाबला आयोजित किया जाएगा।

## बैहर मार्ग पर चलती पिकअप में लगी आग, 6 लाख का किराना सामान जलकर खाक



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** बालाघाट-बैहर मार्ग के गांगुलपारा इलाके में रविवार देर रात एक पिकअप वाहन में आग लग गई। घटना में लाखों रुपए का किराना सामान जलकर खाक हो गया। वहीं वाहन चालक महेश तुरकर ने समय रहते कूदकर अपनी जान बचाई, लेकिन कुछ बचा हुआ सामान चोरी हो गया।

पिकअप (एमपी50जी2242) बैहर के कुमादेही सरेखा जा रहा था। जानकारी के अनुसार, महेश तुरकर मुख्यालय से किराना सामान खरीदकर पिकअप में लोड करवा रहे थे। गांगुलपारा घाटी पर चढ़ते समय अचानक वाहन में आग लग गई। चालक ने तुरंत वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई।

भरवेली थाना प्रभारी संजय ऋषिश्वर अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे और बालाघाट नगरपालिका के फायर वाहन की मदद से आग पर काबू पाया गया। हालांकि, आग बुझने के बाद बचा हुआ कुछ सामान स्थानीय लोगों द्वारा चोरी कर लिया गया।

महेश तुरकर ने बताया कि आग में लगभग 6 लाख रुपए का किराना सामान और पिकअप वाहन में कुल मिलाकर 6 लाख 30 हजार रुपए का नुकसान हुआ। आग लगने से पहले उन्हें वाहन की वायरिंग जलने की बदबू भी आई थी।

भरवेली टीआई संजय ऋषिश्वर ने बताया वाहन में ओवरलोडिंग के कारण घाट चढ़ते समय स्पार्किंग हुई, जिससे आग लगी। पुलिस ने पीड़ित का बयान दर्ज कर लिया है और मामले की जांच जारी है।

### 108 संजीवनी सेवा की तत्परता से जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया सभी को
## भांडी पिपरिया में दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत, चार घायल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



वारासिवनी क्षेत्र के भांडी पिपरिया गांव में 12 जनवरी को सुबह करीब 10:30 बजे एक सड़क दुर्घटना में दो मोटरसाइकिलें आपस में टकरा गईं, जिससे चार लोग घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही संजीवनी आपातकालीन सेवा 108 की टीम ने मौके पर पहुंचकर घायलों को जिला चिकित्सालय बालाघाट पहुंचाया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भांडी निवासी शैलेंद्र उके पिता तेजलाल उके अपनी पत्नी संगीता उके के साथ रोजगार के सिलसिले में मोटरसाइकिल क्रमांक MH-31-BV-9049 से बालाघाट की ओर जा रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही मोटरसाइकिल क्रमांक MP-22-MJ-3691, जिस पर देवेंद्र वाहने पिता वेंकट वाहने तथा आदित्य भोयर पिता दीपचंद भोयर सवार थे, से उनकी बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई।

हादसे में शैलेंद्र उके को दाहिने पैर के घुटने में गंभीर चोट आई। वहीं आदित्य भोयर को पैर के अंगूठे व हाथ में चोटें आईं। देवेंद्र वाहने को पैर में तथा संगीता उके को दाहिने हाथ में चोट लगी है। घटना की सूचना मिलते ही संजीवनी 108 के ईएमटी डॉ. गौरीशंकर पटले एवं पायलट योगेश राहंगडाले तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। ईएमटी द्वारा सभी घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया, जिसके बाद 108 एंबुलेंस से उन्हें जिला चिकित्सालय बालाघाट में भर्ती कराया गया, जहां उपचार जारी है। ग्रामीणों ने समय पर सहायता पहुंचाने के लिए संजीवनी 108 सेवा की सराहना की है।

## कोऑपरेटिव बैंक व सहकारिता विभाग के अधिकारियों ने खापा कैप का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



उपार्जन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक श्री मृणाल मीणा के निर्देशन में 12 जनवरी को खापा कैप का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में अभिनव सिंह बघेल, सीईओ जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट, हर्षित भलावी, उपअंकेक्षक सहकारिता विभाग बालाघाट तथा अमरेश सिंह परिहार, इन्वेंट्री मैनेजर जेएसके बैंक शामिल रहे।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने खापा कैप क्रमांक 1 एवं 2 में उपस्थित सर्वेयरों के साथ विभिन्न समितियों के रिजेक्ट हुए धान की वस्तुस्थिति का जायजा लिया। जिन उपार्जन केन्द्रों की धान रिजेक्ट हुई है, उन धानों के सैंपल भी लिए गए। सर्वेयरों द्वारा अधिकारियों को अवगत कराया गया कि कैप में आई धान में पाई गई विसंगतियों के कारण धान को रिजेक्ट किया गया है।

सर्वेयरों ने यह भी जानकारी दी कि संबंधित उपार्जन केन्द्रों के कर्मचारियों द्वारा कैप में पहुंचकर धान की साफ-सफाई करवाई जा रही है तथा रिजेक्ट धान को अपग्रेड किए जाने की प्रक्रिया भी जारी है। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि खापा कैप अंतर्गत सेवा सहकारी समिति सावंगी, केन्द्र क्रमांक 1 में धान खरीदी की जा रही है। इस पर अधिकारियों ने उपस्थित धान उपार्जन प्रभारी को निर्देश दिए कि किसानों की उपज को पहले व्यवस्थित रूप से ढेरी में लगाया जाए, उसके पश्चात ही धान खरीदी की प्रक्रिया की जाए।

इस अवसर पर बैंक सीईओ श्री अभिनव सिंह बघेल द्वारा उपार्जन केन्द्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का भी अवलोकन किया गया तथा पारदर्शिता एवं सुव्यवस्थित खरीदी सुनिश्चित करने हेतु उपार्जन प्रभारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## हुड़केश्वर महादेव पहाड़ी में हुआ अनुभूति कार्यक्रम



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** किताबी ज्ञान के साथ वन, वन्य प्राणी और पर्यावरण का प्रत्यक्ष अनुभव कराने के लिए तिरोड़ी तहसील के ग्राम महकेपार, कोसुंबा, परसवाडाघाट हाईस्कूल के विद्यार्थियों को अनुभूति कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को महकेपार हुड़केश्वर महादेव पहाड़ी का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। मध्य प्रदेश ईको-पर्यटन बोर्ड और वन विभाग के साझा अनुभूति कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को जंगल का भ्रमण करवाया गया। सुबह 09 बजे सभी विद्यार्थी अलग-अलग टीमों के साथ ट्रेल वॉक पर रवाना हुए। जहां विद्यार्थियों ने प्रकृति का आनंद लेते हुए जंगल में मौजूद पेड़-पौधों, औषधियों, प्राकृतिक पथ, जैव विविधता, वन्य प्राणियों की मौजूदगी के साक्ष्य के बारे में जानकारी हासिल की। विद्यार्थियों का भ्रमण के दौरान प्रकृति के प्रति बेहद जुड़ाव देखने को मिला। 'मैं भी बाघ, हम हैं बदलाव, हम हैं धरती के दूत' की थीम पर इस वर्ष अनुभूति कार्यक्रम का आयोजन हुआ। ट्रेल वॉक के लौटने के बाद प्रश्नोत्तरी और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता बालक वर्ग में सत्यम बोपचे, डेविड उचबगले, आयुष सोनवाने ने क्रमश पहला, दूसरा और तीसरा हासिल किया। वहीं बालिका वर्ग में राशि पटले और पूर्वा बोपचे ने स्थान हासिल किया।

अनुभूति कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक गौरव सिंह पारधी, लघुवनोपज संघ जिलाध्यक्ष रामेश्वर बिसेन, प्रशिक्षु आईएफएस जितेन्द्र कुमार मीणा, जनपद सदस्य विनोद पंचभाई, अरविंद देशमुख, योगेश सोनवाने, सुखदेव सलामे, शरद सहारे, आशिफ खान, संजय गोपाले, किशोर उइके, मोरेश्वर बाघमारे बतौर अतिथि के रुप में शामिल हुए। कार्यक्रम में ज्ञानचंद शर्मा, सुरेन्द्र वड़ीचार और महेन्द्र ढवरे अनुभूति प्रेरण के रुप में शामिल हुए। विधायक ने विद्यार्थियों से कहा कि मध्यप्रदेश का वन क्षेत्र देश में सबसे अधिक विस्तृत है। यहां वनों को प्रकृति ने अकूत सम्पदा का वरदान से समृद्ध किया है। प्रदेश में मनुष्य के साथ ही सम्पूर्ण जीव-जगत को अपना कुटुम्ब माना है और मध्य प्रदेश गान इसका उदाहरण है। हमारे यहां केवल ईश्वर को ही नहीं बल्कि वनों, पहाड़ों और नदियों को पूजा जाता है। पूर्वजों की इस परंपरा को अक्षुण्ण रखने के लिए जैव-विविधता संरक्षण के प्रयासों से आने वाली पीढ़ियों के लिये वन जीवन को सहेजकर रखना हम सबकी साझी जिम्मेदारी है।

आईएसस जितेन्द्र कुमार मीणा ने विद्यार्थियों से कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य आपको प्रकृति और वन्यजीवों के प्रति जागरूक करना, उन्हें जंगल के निकट रहने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और उचित सावधानियों के बारे में शिक्षित करना है, साथ ही इस बात पर विशेष जोर देना है कि वन्य क्षेत्र और उनमें रहने वाले जीव-जंतु हमारे अस्तित्व के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि कटंगी वन क्षेत्र में टाइगर भी है यह बेहद सौभाग्य की बात है। हमें अपने वन्य प्राणियों की सुरक्षा के लिए सतत प्रयास करने चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि हमें एक बात सदैव याद रखनी है। वन, वन्य प्राणी हमारे मित्र है। इस अवसर पर वन क्षेत्रपाल बाबुलाल चढ़ार, उपवन क्षेत्रपाल ओम प्रकाश जगने, वनपाल सतीश उइके, वनरक्षक दीपक माली और तीनों ही स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने कहा कि अनुभूति कार्यक्रम में हम सभी को बहुत अच्छा महसूस हुआ। हम लोगों को वन्य जीवों और उनके संरक्षण के बारे में बहुत सी रोचक जानकारियां दी गईं। विभिन्न प्रकार के जीव जंतुओं के पद चिन्ह वगैरह हमें दिखाए गए और बहुत अच्छे से हमें समझाया गया।

## जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को शिक्षण सामग्री वितरित कर मनाया जन्मदिन





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



रक्तदान महादान सेवा समिति भरवेली बालाघाट के सदस्य डैनी डोंगरे ने अपने पिताजी लोचन प्रसाद डोंगरे का जन्म दिवस को खास बनाने के लिए शासकीय माध्यमिक शाला मड़कामंडई व कोठियाटोला के प्राथमिक स्कूल के जरूरतमंद छात्र-छात्राओं के बीच केक काटकर अपने पिताजी का जन्मदिवस उत्साह के साथ मनाया वही बच्चों के साथ खुशी के पल व्यतीत किए । इस अवसर पर जरूरतमंद छात्र-छात्राओं को आवश्यक शैक्षणिक सामग्री जिसमें स्कूली बैग, काफी, कंपास बॉक्स ,पेंसिल, व अन्य शिक्षण सामग्री का वितरण किया वही छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में मदद मिलती है यह एक सामाजिक संदेश देता है कि जन्मदिन सिर्फ पार्टी न होकर कुछ अच्छा करने का अवसर भी है । वही बेटे ने अपने पिता के जन्मदिन पर एक नेक कार्य किया यह समाज सेवा की प्रेरणा देता है, यह पहल समाज में सकारात्मक बदलाव लाती है. बेटे ने अपने पिता के जन्मदिन को खास बनाया डैनी डोंगरे ने यह तय किया कि पिताजी का जन्मदिन किसी ज़रूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान लाकर मनाया जाए । वही बच्चे शिक्षण सामग्री पाकर उनके चेहरे खिल उठे।वितरण कार्यक्रम के अवसर पर एडविन कुमार, अरविन्द गेडाम, सुमित डोंगरे, कुलदीप निकुसे, आकाश लांझेवार, मुकेश चौरे, देवेन्द्र घोड़ेश्वार, ज्ञाने मानकर, जुनेद खान, इरशाद खान, राजेन्द्र देवांगन, अक्षय मलिक, अंकित बघेल, मिलन चौरे, हेमंत ऊके, अमरदीप ऊके, डैनी डोंगरे, आदर्श कुमार, कार्तिक सागर जॉन ,कुलदीप डोंगरे, यशराज डोंगरे, अस्विन परते, सिद्धार्थ मेश्राम, सम्मिलित रहे। इसके पश्चात माध्यमिक शाला मड़कामंडई के शाला प्रभारी अशोक मडावी, माध्यमिक शिक्षक पुरूषोत्तम रंगारे, प्राथमिक शिक्षक पंकज बघेले, प्राथमिक शिक्षक मौसम पानतोने, अतिथि शिक्षक शिवप्रसाद कावरे , ने दानदाताओं का आभार व्यक्त किया ऐसे सेवा कार्यो को समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया।